हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

11 कैकेयी ने मांगा श्रीराम के लिए 14 साल का वनवास...



12 उमरा के प्रद्युम्न, विराट व हार्दिक ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में...



खबर संक्षेप

आंखों में मिर्च डाल चाकू से हमले का आरोपी काबू

हिसार। पटेल नगर में युवक की आंखों में मिर्च डालकर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पटेल नगर के ही अलेक्स को गुहला चीका से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। पीड़ित के शरीर से चिकित्सक ने हमले में प्रयुक्त चाकू निकाला था। पीएलए चौकी प्रभारी एएसआई अनूप ने बताया कि 26 सितंबर को पटेल नगर निवासी समीर ने शिकायत दी थी कि वह शाम के समय किरयाना की दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान आरोपी ने उसकी आंखों में मिर्च डाल दी और चाकू से वार कर मौके से फरार हो गया। शिकायत पर केस दर्ज करके जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी अलेक्स को गुहला चीका से गिरफ्तार किया।

पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते मानसून का यू-टर्न

7.8 एमएम बारिश, 9 डिग्री लुढ़का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते गुरुवार की हिसार व आसपास के क्षेत्रों में सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और झमाझम बारिश होने लगी। सुबह 10 बजे तक रूक-रुककर बारिश होती रही। शहर में 7.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश और चली ठंडी हवाओं के कारण अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के कारण किसानों की धड़कनें तेज हो गई। हिसार व हांसी जिलों की अनाजमंडियों में खुले आसमान के नीचे रखी धान की फसल भीग गई। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने 16 अक्टूबर तक मौसम के परिवर्तनशील बने रहने की संभावना जताई है। मौसम के इस अचानक बदलाव का सीधा असर पारे पर देखने को मिला है। पिछले कुछ दिनों से हिसार का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब बना हुआ था, लेकिन गुरुवार की बारिश ने इसमें लगभग 9 डिग्री सेल्सियस से अधिक का गोता लगवा दिया। गुरुवार को अधिकतम पारा 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि बुधवार के मुकाबले 9.2 कम है। यह सामान्य से 8.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



निचले इलाकों में जलभराव व कीचड़ से बढ़ीं मुश्किलें

सुबह से रुक-रुक कर हुई बारिश के चलते शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों और निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। सड़कों और गलियों में कीचड़ और पानी जमा होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण जिंदल चौक, 12 क्वार्टर रोड समेत कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया। इसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, सुबह-सुबह अचानक बदले इस मौसम ने धरतीपुत्रों की नींद उड़ा दी है। धान की कटाई का सीजन चल रहा है और इस बेमौसम बारिश के कारण मंडियों में खुले आसमान के नीचे रखी धान भीग गई। इससे किसानों की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं।

मंडियों में भीगा हजारों क्विंटल धान, किसानों के चेहरे मुरझाए

नारनौंद। गुरुवार सुबह अचानक से मौसम ने करवट ली और दिन में ही काली रात हो गई। तूफान के साथ तेज बारिश ने अनाज मंडी में पड़ी किसानों की हजारों क्विंटल धान की फसल भीग कर पानी-पानी हो गई। इस मंजर के बाद किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीर साफ देखी जा सकती थी। फसल मंडी में आई और सरकार की अनदेखी के कारण उनको लाखों का नुकसान हो गया। वहीं मंडी प्रशासन का कहना है कि पानी निकालने की कोशिश की जा रही है। बरसात और तेज जिंदगी कारण किसानों की खेत में खड़ी फैसले भी बिछौना बन गई। किसानों ने सरकार से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने की घोषणा करें।



ढीली खरीद के कारण भीगी फसल

किसानों का आरोप है कि अनाज मंडी में पिछले काफी दिनों से जारी ढीली खरीद के कारण हजारों क्विंटल धान की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई है। गुरुवार को हुई अचानक बारिश ने किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया। मंडी में लगभग 55 हजार क्विंटल धान की फसल पड़ी हुई थी। जिसमें से 28 हजार क्विंटल की ही खरीद हो पाई है। तेज बारिश के कारण फसल पूरी तरह से भीग गई है। मंडी में चारों तरफ पानी भरा हुआ है।

निकाल रहे पानी: सचिव

मार्केट कमेटी के सचिव रवि श्योरान ने बताया कि अनाज मंडी में बारिश के कारण पानी भर गया था। सभी आढ़तियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह जो फसल खुले में पड़ी हुई है। उन पर तिरपाल लगाने का काम करें ताकि वह भीगने से बचाई जा सके। मंडी में जहां पानी भर गया है उसको निकाला जा रहा है।

राजगुरु मार्केट में बरामदे से सामान उठाने पर दुकानदारों ने किया हंगामा

■ राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हस्तक्षेप कर मामला निपटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजगुरु मार्केट में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम का दुकानदारों ने कड़ा विरोध किया। इस दौरान कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगा दुकानदार आपस में उलझ गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालांकि, मौके पर पहुंचे राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।

दुकानदारों ने प्रशासन के समक्ष रखी ये मांग

गुरुवार को नगर निगम की टीम राजगुरु मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी। टीम ने जब एक दुकानदार का बाहर रखा सामान उठाया, तो उसने इसका विरोध शुरू कर दिया। विरोध कर रहे दुकानदार ने टीम को अन्य दुकानों के बाहर रखे सामान की ओर इशारा करते हुए सवाल उठाया कि क्या वह अतिक्रमण नहीं है? उसने मांग की कि किसी एक का सामान उठाने के बजाय सभी पर एक जैसी कार्रवाई की जाए। इस बहस के बीच कुछ अन्य दुकानदारों ने भी निगम की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामा बढ़ने पर राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुँचे और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र बजाज ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर बहस हुई थी, जिसे आपसी बातचीत से सुलझा लिया गया। इस दौरान दुकानदारों ने मांग उठाई कि फेस्टिवल सीजन को देखते हुए दुकानदारों को दुकानों के सामने बरामद में सामान रखने की कुछ छूट दी जाए। साथ ही, जिन दुकानों के सामने बरामदा नहीं है, वहां संबंधित दुकानदारों को 4-4 फीट जगह उपयोग करने की अनुमति दी जाए ताकि त्योहारी सीजन में कारोबार प्रभावित न हो।

अनाज मंडी के मेन गेट पर हाई वोल्टेज ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की अनाज मंडी के मुख्य गेट पर दो किन्नर गुटों के बीच विवाद के बाद जमकर हंगामा हुआ। कहासुनी बढ़ने पर एक गुट की तीन से चार किन्नरों ने कपड़े उतारकर सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ किन्नर सड़क के बीच में लेट गईं, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में पुलिस दोनों पक्षों को अनाज मंडी चौकी ले गई। पुलिस चौकी के अंदर और बाहर भी किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। एक समय तो ऐसा आया कि दोनों गुट बहस करते हुए एक-दूसरे के साथ मारपीट पर उतर आए, हालांकि पुलिस ने समय रहते स्थिति को संभाल लिया। भारी हंगामे के चलते अनाज मंडी चौकी पर और पुलिस बुलानी पड़ी।

यूं शुरू हुआ झगड़ा

जानकारी के अनुसार, अनाज मंडी के मुख्य गेट पर दीपावली की बधाई को को लेकर दो किन्नर गुटों के बीच गुरुवार को विवाद शुरू हुआ था। कुछ ही देर में कहासुनी बढ़ गई और एक पक्ष ने विरोध जताते हुए सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान तीन से चार किन्नरों ने अपने कपड़े उतार दिए और कुछ सड़क के बीच में लेट गईं। इससे मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई और आसपास के लोग जमा हो गए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शन कर रही किन्नरों के सड़क पर लेटने के कारण महिला पुलिसकर्मियों को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों गुटों को अनाज मंडी चौकी पहुंचाया।

क्षेत्र विवाद को लेकर दो किन्नर गुटों ने पुलिस चौकी के बाहर निवस्त्र होकर किया प्रदर्शन





बंटी गुट का आरोप: किन्नर गुट के बंटी ने दावा किया कि वह शोभा नेहरू हाजी की चेली है, जो उसे 42 लाख रुपये में सिरसा से लेकर आई थीं। बधाई मांगने के लिए इलाके पहले से तय और बंटे हुए हैं। बंटी का आरोप है कि गुरुवार को जब वे नई अनाज मंडी क्षेत्र में बधाई मांगने गए, तो शोभा नेहरू गुट के लोगों ने उनके साथ हाथापाई की। बंटी ने आरोप लगाया कि शोभा नेहरू ने उन्हें मारने के लिए राजस्थान से बदमाश बुलाए हुए हैं, जो महिलाओं के कपड़े पहनकर यहां बधाई मांगते हैं।

शोभा नेहरू गुट का पक्ष: दूसरी ओर, पूर्व पार्षद व किन्नर नेता शोभा नेहरू ने बंटी के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि बंटी गुट का हिसार में हुक्का-पानी बंद किया हुआ है। वह आए दिन उनके चेलों से झगड़ा करती है। पिछली दीपावली पर भी बंटी गुट ने उनके एक चेले पर चाकू से हमला कर दिया था। उन्हें हिसार में कोई इलाका नहीं दिया गया है और उनकी पुलिस से मांग है कि इन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए इन्हें यहां से बाहर निकाला जाए।



सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।



एआई इमेज

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इमेज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'



एआई इमेज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

भजनों की धुन पर खूब झूमे श्रद्धालु

रामलीला कमेटी ने मंचन के दौरान मुलतानी चौक पार्क को अयोध्या तो पंजाबी धर्मशाला को जनकपुरी बनाया

मुलतानी चौक से धूमधाम से निकली राम बारात, सुंदर झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से गुरुवार की सायं मुलतानी चौक पार्क से राम बारात निकाली गई। राम बारात में घोड़ों पर सवार चारों भाइयों राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के अलावा कई झांकियां भी शामिल रहीं। बैंड बाजों व ढोल ढमाकों के साथ निकाली गई बारात में रामलीला सभा के पदाधिकारी व सभी अतिथि सिर पर गुलाबी पगड़ी बांधकर बाराती बने। मुलतानी चौक पार्क को अयोध्या तो पंजाबी धर्मशाला को जनकपुरी बनाया गया था। रामलीला सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ ने बताया कि बारात मुलतानी चौक पार्क से चलकर डोगरान मौहल्ला, इंदिरा मार्किट, पुल तेलियान, राजगुरु मार्किट, नागोरी गेट, मोती बाजार, गांधी चौक, आर्य बाजार होते हुए पंजाबी धर्मशाला में पहुंची। धर्मशाला में बारातियों के सम्मान में भोज दिया गया। रास्ते भर बाराती डांडिया खेलते हुए व रामजी की निकली सवारी जैसे भजनों की धुन पर झूमते रहे। बारात में पानीपत से विशेष रुप से आये हनुमानजी के विशालकाय स्वरुप लोगों का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। राम बारात का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। सभा के मीडिया प्रभारी शुभम वलेचा ने बताया कि राम बारात में विधायक सावित्री जिंदल की अनुपस्थिति में उद्योगपति जगदीश जिंदल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। अध्यक्षता समाजसेवी इन्द्र शर्मा, सतीश सेहरा व राजकुमार पाहवा ने की।



हिसार । घोड़ों पर सवार चारों भाई राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न।

कैकेयी ने मांगा श्रीराम को 14 साल का वनवास



हिसार। श्री बद्री-केदार रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीराम की बारात की भव्य शोभायात्रा और राजा दशरथ-रानी कैकयी के संवाद के मार्मिक प्रसंग का बेहद भावपूर्ण मंचन किया। मंचन का सबसे भावुक क्षण वह रहा जब रानी कैकयी ने राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांगते हुए भगवान श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजगद्दी की मांग की। राजा दशरथ की विवशता, पुत्र-वियोग की पीड़ा और रघुकुल की मर्यादा के पालन का यह मार्मिक दृश्य देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इससे पूर्व

शिव धनुष टूटते ही जय श्रीराम के नारों से गूंजा आसमान



नारनौंद। गांव लोहारी राघो में श्रीरामा रामलीला क्लब के तत्वावधान में आयोजित 77 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रामलीला में सीता स्वयंवर और ताड़का वध के प्रभावशाली मंचन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम ने जैसे ही भगवान शिव के दिव्य धनुष को तोड़ा, पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। पुष्प वर्षा और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रस्तुत इस प्रसंग ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद ने मंचन में रोमांच भर दिया और दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में नारनौंद के एसडीएम विकास यादव और मोठ रांगड़ान के सरपंच जसवंत भयाना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रामलीला क्लब की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया।

खबर संक्षेप

मंत्री शर्मा 22 को लेंगे जन परिवाद समिति की बैठक

हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक 22 अक्टूबर को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक बाद दोपहर 2 बजे शुरू होगी और इसकी अध्यक्षता हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि बैठक के दौरान समिति की पूर्व बैठकों से संबंधित लंबित परिवादों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा आमजन की ओर से हाल ही में प्राप्त नई शिकायतों और परिवादों को भी बैठक के एजेंडे में शामिल कर उन पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी।

नागरिक अस्पतालों में ओपीडी का समय बदला

हांसी। नागरिक अस्पताल हांसी और उपमंडल नागरिक अस्पताल नारनौंद में आने वाले मरीजों को अब ओपीडी सेवाओं के लिए नए समय के अनुसार पहुंचना होगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों अस्पतालों में कल से ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया है। साथ ही, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहले से पंजीकृत मरीजों के लिए अलग प्री-रजिस्ट्रेशन काउंटर भी शुरू किए जा रहे हैं। सिविल सर्जन, हांसी डॉ राहुल बुद्धिराजा ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य अस्पतालों में पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना और मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा से राहत दिलाना है। पहले से पंजीकृत मरीज निर्धारित काउंटर पर अपनी पर्ची का नवीनीकरण करवा सकेंगे, जिससे उन्हें पंजीकरण काउंटर की कतार में लगने की आवश्यकता नहीं होगी।

भेड़-बकरी चोरी में तीसरा युवक गिरफ्तार

नारनौंद। सीआईए नारनौंद ने गांव लुहारी राघो में भेड़-बकरी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपित विक्रम निवासी लीजवाना खुर्द, जिला जींद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई भेड़-बकरियां बेचकर प्राप्त राशि में से चार हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गांव लुहारी राघो निवासी शिकायतकर्ता ने 9 जनवरी को थाना नारनौंद में शिकायत दी थी कि 7 जनवरी की रात उसके बाड़े से पांच भेड़ और एक बकरी, एक बकरा चोरी हो गई थे।

एक बस से दूसरे में टायर निकालकर चलाया जा रहा काम

हिसार डिपो का टायर रिसोल प्लांट डेढ़ साल से बंद, 50 से अधिक बसें हुई खड़ी

मरम्मत के अभाव में एसी बसों का संचालन भी हो रहा अत्यधिक प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो और हांसी सब डिपो में टायरों की कमी के चलते 50 से अधिक बसें खड़ी हैं। हालात ऐसे हैं कि बसों को रूट पर चलाने के लिए एक बस के पिछले पहियों से टायर निकालकर दूसरी बस में लगाने पड़ रहे हैं। वहीं, हिसार डिपो का टायर रिसोल प्लांट पिछले करीब डेढ़ साल से बंद पड़ा है। टायरों की कमी के साथ-साथ मरम्मत और रखरखाव के अभाव में कई वातानुकूलित बसें भी डिपो में खड़ी हैं, जिससे यात्रियों को विभिन्न रूटों पर एसी बसों की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बसों के खड़े रहने का असर रूटों पर परिवहन व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। उपलब्ध बसों से ही यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालना पड़ रहा है। इससे कई रूटों पर बसों में भीड़ बढ़ रही है और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ के कारण कई बार यात्रियों और चालक-परिचालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है, जबकि बसों की कमी के लिए कर्मचारी जिम्मेदार नहीं माने जा सकते। टायरों की कमी दूर करने के लिए नए टायरों की खरीद और रिसोल प्लांट को दोबारा चालू करना जरूरी है। हिसार डिपो में पहले टायर रिसोल करने की व्यवस्था थी, लेकिन अब प्लांट बंद होने और जरूरी सामान की खरीद नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है। यदि टायरों की उचित व्यवस्था हो जाए तो खड़ी बसों को दोबारा रूटों पर चलाया जा सकता है।



हिसार। एक बस का पिछला खोला हुआ टायर दिखाते संगठन नेता।

सरकार व अधिकारियों का नहीं ध्यान : संघ

धर, हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के डिपो प्रधान जोगेन्द्र पंघाल और सचिव सलीम ने सरकार व विभागीय अधिकारियों की नीतियों पर रोष प्रकट किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक टायरों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं होती, बंद पड़ा रिसोल प्लांट चालू नहीं होता और एसी बसों की मरम्मत करवाकर उन्हें रूट पर नहीं

परिवहन मंत्री विज को संबंधित समस्या पर करा चुके अवगत

दूसरी ओर, हिसार डिपो से विभिन्न रूटों पर चलने वाली एसी बसों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। कई बसें पिछले कई दिनों से मरम्मत और सर्विस के अभाव में खड़ी हैं। संबंधित कंपनी की ओर से इन बसों को मरम्मत और सर्विस के लिए नहीं ले जाने के कारण इन्हें रूटों पर नहीं भेजा जा रहा। इससे यात्रियों को एसी बसों में सफर करने की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बताया जा रहा है कि राज्य स्तरीय सांझा मोर्चा के नेताओं ने टायरों के अभाव में बसों के खड़ा रहने व अन्य समस्याओं से परिवहन मंत्री अनिल विज को भी अवगत करवाया है। सांझा मोर्चा नेताओं ने रोडवेज बेड़े में बसों की संख्या बढ़ाने, टायर रिसोल प्लांट शुरू करवाने व नई भर्ती सहित कई मांगे रखी।



हिसार : कुलपति प्रो . बी .आर . काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

युवा आत्मनिर्भर भारत निर्माण में दें योगदान : प्रो. काम्बोज

■ हकृवि में हुआ 'सेवा संकल्प और नवाचार' पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में 'सेवा संकल्प और नवाचारः युवा शक्ति से विकसित भारत-2047' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से हुए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे, जबकि समाजसेवी एवं शिक्षाविद् कृष्ण कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की ऊर्जा, कौशल, नए विचार और स्टार्टअप संस्कृति की अहम भूमिका होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कुलपति ने पांच महत्वपूर्ण बातों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लगातार अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग किए साझा

राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर कुलपति ने कृषि, ग्रामीण विकास और परिवार के पालन-पोषण में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। समाजसेवी कृष्ण कुमार ने अपने संबोधन में विकसित भारत-2047 की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। कृष्ण कुमार ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग भी साझा किए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे।



हिसार। मां भगवती चौकी व भजन संध्या में आए अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

'बिगड़ी मेरी बना दे ए शेरों वाली मैया'

हिसार। डाबड़ा चौक पर आयोजित मां भगवती चौकी और भजन संध्या में भक्तजन भेंटों पर झूम उठे। डाबड़ा चौक मार्केट एसोसिएशन की ओर से पहली बार यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, हरियाणा वन विकास निगम चेयरमैन रवि सैनी के भाई अनिल मानी, सीएम विंडो के पूर्व इंचार्ज पीयूष महता अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन में माता का दरबार सजाया गया। श्रद्धा जागरण ग्रुप से रिंकु खुराना ने भजनों से महामाई का गुणगान किया। भक्तों ने 'बोल सांचे दरबार की' से पूरा माहौल गुंजायमान कर दिया। गायक कलाकार ने 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है', 'मेहरांवालिये माये बूहे मंदिरां दे खोल', 'दिल वाली पालकी विच तेनू मां बिठाना है, चल मेरे नाल तेनू घर लेके जाना है', 'तेरा लख लख शुक्र मनाने हां', 'बिगड़ी मेरी बना दे ए शेरों वाली मैया' जैसी भेंटों से समां बांध दिया। इस दौरान डाबड़ा चौक मार्केट एसोसिएशन के प्रधान अनिल नारंग, भूपेन्द्र चावला, जगबीर मलिक, चन्द्र पाहवा, रोहित, प्रवीण चुघ, सतबीर सुथार, सुशील अग्रवाल, सतीश गोयल, मॉर्निंग वॉक क्लब पदाधिकारी, कपिल गोशाला के पदाधिकारी व डाबड़ा चौक के दुकानदार मौजूद थे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को नियमित सैंपलिंग के निर्देश

हिसार। बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य सामग्री में मिलावट करने और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। यह निर्देश उपायुक्त महेंद्र पाल ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम, 2011 के तहत आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिए। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी और समिति के अन्य सदस्यों ने जिले में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बाजारों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जाए और संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूने लेकर उनकी जांच करवाई जाए। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से सैंपलिंग अभियान चलाए। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों के पालन की जांच की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े नियमों के प्रति दुकानदारों और खाद्य कारोबारियों को भी जागरूक किया जाए। खाद्य सामग्री के भंडारण और बिक्री के दौरान निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करवाया जाए।

पीएनडीटी कमेटी ने हिसार व हांसी में अवैध भ्रूण लिंग जांच मशीनें सील की

■ पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित वीसी सभागार में वीरवार को पीएनडीटी एक्ट के तहत उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न एजेंडों बारे उपायुक्त को अवगत करवाया। उपायुक्त ने बैठक में जिले में लिंगानुपात में सुधार लाने और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग जांच या अवैध गर्भपात से जुड़े मामलों की सूचना देने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ओर से एक लाख रुपये तक का नकद इनाम देने का प्रावधान है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



हिसार । बैठक में अधिकारी को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि हाल ही में पीएनडीटी कमेटी द्वारा हिसार और हांसी जिले के विभिन्न निजी अस्पतालों में छापेमारी की गई। इस दौरान अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड मशीनों को सील करवाया गया। बैठक में एसीयूटी विवेक यादव, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, सीएमजीजीए अमोल, पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ अनामिका बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी काबू

हांसी। हांसी-जींद रोड पर पुलिस चेकिंग के दौरान एवीटी स्टाफ ने बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर जा रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। बाइक के दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने चेसिस नंबर के आधार पर जांच की तो मोटरसाइकिल चोरी की निकली। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल कब्जे में ले ली है। आरोपी की पहचान मिर्चपुर निवासी जोगिंदर सिंह के रूप में हुई है। एवीटी स्टाफ में तैनात एएसआई राजीव कुमार के अनुसार, पुलिस टीम हांसी-जींद रोड स्थित नहर पुल पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नारनौंद की तरफ से बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी मोटरसाइकिल पीछे मोड़कर भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल की चोरी के संबंध में वर्ष 2020 में थाना इस्माइलाबाद, जिला कुरुक्षेत्र में मामला दर्ज किया गया था।

भारतीय ज्ञान परंपरा को समकालीन शिक्षा से जोड़ना समय की आवश्यकता : प्रो. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध ज्ञान-संपदा को समकालीन शिक्षा, विज्ञान, तकनीकी और कौशल विकास से जोड़ते हुए शोधपरक, प्रमाणिक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री विकसित करना समय की आवश्यकता है। यह बात हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. केसी शर्मा ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में कही। विश्वविद्यालय और हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा में सामग्री विकास विषय पर एक दिवसीय संकाय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 290 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया और प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रो. केसी शर्मा ने कहा कि भारतीय दृष्टिकोण में शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति के समग्र विकास के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में उसकी सार्थक भूमिका सुनिश्चित करना है। भारतीय ज्ञान एवं शिक्षा पद्धति में मानवीय मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व, कौशल, नैतिकता और जीवन दृष्टि का समन्वय रहा है।



हिसार। कार्यशाला का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि प्रो. केसी शर्मा।

गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री

कुलपति प्रो. विजय कुमार ने अपने संदेश में भारतीय ज्ञान परंपरा को समकालीन शिक्षा से जोड़ने और विभिन्न विषयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री विकसित करने पर बल दिया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सम-कुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान संदर्भों में प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया।

उकलाना में पेयजल संकट से नागरिक परेशान

उकलाना। उकलाना नगर में पेयजल आपूर्ति की चरमराई व्यवस्था को लेकर नागरिकों में रोष है। भाखड़ा नहर से पानी मिलने की व्यवस्था होने के बावजूद शहरवासियों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। नागरिकों का कहना है कि जब ठंड के मौसम में पेयजल के लिए यह हालात हैं, तो गर्मियों में स्थिति और कितनी विकराल होगी। क्षेत्रवासियों के अनुसार जलापूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं है। कुछ नागरिकों का दावा है कि पानी का टीडीएस 1,000 से 1,500 के बीच है, जबकि जन स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नहर का टीडीएस 100-110 और ट्यूबवेल के पानी के मिश्रण के बाद 210 है। नागरिकों ने आधिकारिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पेयजल संबंधी शिकायत करने पर कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। नीमा उकलाना के अध्यक्ष डॉ. विचित्र शर्मा ने चिंता जताई है कि भाखड़ा से पानी लाने की करोड़ों की परियोजना के बावजूद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सुचारू रूप से काम क्यों नहीं कर रहा। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। नहर में 20 दिन की बंदी : एसडीओ इस संबंध में उपमंडल अभियंता विजयपाल ने बताया कि नहर में 20 दिन की बंदी के चलते पानी का भंडारण किया जा रहा है, जिस वजह से फिलहाल एक दिन छोड़कर जलापूर्ति हो रही है। मंडी स्थित टैंक की क्षमता 4 करोड़ 79 लाख लीटर है, जबकि खपत 3 करोड़ 60 लाख लीटर है। उकलाना गांव में भी पानी आपूर्ति होने के कारण शहर में मात्रा कम आ रही है। उन्होंने कर्मचारियों के अभद्र व्यवहार की शिकायतों पर जांच का आश्वासन दिया है।

राखीगढ़ी महोत्सव की तैयारियों को लेकर निदेशक अमित खत्री ने किया विशेष दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा राखीगढ़ी महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभाग के निदेशक अमित खत्री और डीसी राहुल नरवाल ने राखीगढ़ी के म्यूजियम के रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने तथा सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए गए। राखीगढ़ी में 19 से 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य विश्व प्रसिद्ध हड़प्पा सभ्यता की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव के माध्यम से पर्यटकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को राखीगढ़ी के इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान हड़प्पा सभ्यता से संबंधित प्रदर्शनी, हेरिटेज वॉक, शैक्षणिक गतिविधियां, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिताएं, ग्रामीण खेल और हरियाणवी लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। इन गतिविधियों के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी ऐतिहासिक विरासत से जोड़ने पर जोर रहेगा। डीसी राहुल नरवाल ने राखी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों की लगाई गई जिम्मेवारियों की जानकारी दी।

सूचना

मैं, इन्दु देवी पत्नी शलेन्द्र ठाकुर निवासी किरायेदार रामसिंह-सुनील कुमार डिप्पो के पास जवाहर नगर, आदमपुर, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्री ईशिका (AESHIKA) मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

अग्रसेन भवन में कल सजेगा बालाजी दरबार

हिसार। श्री पंचमुखी बालाजी चौधरी वास धाम के महंत पूज्य गुरुवर पवन कुमार जोशी 'भाई जी' के पावन सानिध्य में आगामी 17 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। धाम के सेवादार संजय डालमिया ने बताया कि सुबह नागौरी गेट स्थित हनुमान मंदिर से सैकड़ों केसरिया ध्वजाओं के साथ नाचते-गाते हुए भक्तों की टोली उत्सव स्थल अग्रसेन भवन पहुंचेगी। इस अवसर पर बाबा का अत्यंत मनमोहक अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

प्रतियोगिता में समीर व देव का शानदार प्रदर्शन

हिसार। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में वरिष्ठ टीम में बीएस मॉडर्न हाई स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र समीर व देव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। दसवीं कक्षा की छात्रा कुमारी मनीषा और कुमारी सोनम ने ब्लॉक लेवल पर विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल की मुख्याध्यापिका मंजू गांधी व कार्यकारिणी के सदस्यों ने छात्रों, संबंधित अध्यापकों व अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

डांडिया उत्सव में झलकी सांस्कृतिक छटा

हिसार। न्यू लाहौरिया विद्या मंदिर स्कूल में नवरात्र के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने महिषासुर मर्दिनी का जीवंत नाट्य मंचन कर अधर्म पर धर्म की विजय और नारी शक्ति का संदेश दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने पारंपरिक डांडिया रास में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नाट्य मंचन के माध्यम से विद्यार्थियों ने मां दुर्गा और महिषासुर के बीच हुए प्रतीकात्मक युद्ध को प्रस्तुत किया। इसके बाद रंग-बिरंगी डांडिया छड़ियों के साथ विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. कृष्णा सोढ़ी ने विद्यार्थियों के अभिनय की सराहना की।

सीआईए ने 315 बोर के अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा

हिसार। सीआईए टीम ने गांव सदलपुर में चक्की चौपटा के नजदीक कार्रवाई करते हुए 315 बोर के अवैध पिस्तौल सहित गांव सदलपुर निवासी पवन को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मजीत ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप अपनी टीम के साथ सदलपुर क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अन्य कर्मचारियों की सहायता से कार्रवाई करते हुए पवन को काबू कर लिया।

दिव्यांग केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

हिसार। सामाजिक सरोकारों से जुड़क़र वीवीडीएन टेक्नोलॉजी गुरुग्राम की ओर से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 16 अक्टूबर को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत लगाए जाने वाले इस शिविर में वीवीडीएन टेक्नोलॉजी के सहयोग से अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा आंखों के सफेद मोतियाबिंद से प्रभावित 25 बुजुर्गों का फ्री ऑपरेशन किया जाएगा।

10 मीटर एयर पिस्टल में हासिल किया पहला स्थान

उमरा के प्रद्युम्न, विराट और हार्दिक ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

तीनों खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 1061 का स्कोर बनाकर अंडर-14 वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मेडल प्राप्त करते प्रद्युम्न मलिक, विराट मलिक और हार्दिक मलिक।

अलग-अलग अकादमियों में ले रहे प्रशिक्षण

प्रद्युम्न मलिक हिसार की यदुवंशी अकादमी में कोच संजू यादव के मार्गदर्शन में निशानेबाजी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं, विराट मलिक और हार्दिक मलिक उमरा स्थित एलिट शूटिंग अकादमी में कोच नरेश मलिक और भास्कर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। तीनों खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है।

सातबास क्षेत्र के तीन युवा निशानेबाजों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर हांसी जिले का नाम रोशन किया है। उमरा गांव निवासी प्रद्युम्न मलिक, विराट मलिक और सुल्तानपुर गांव के हार्दिक मलिक ने सीबीएसई राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप-2026 के 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। तीनों खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 1061 का स्कोर बनाकर अंडर-14 वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। तेलंगाना के सिकंदराबाद स्थित डीपीएस नेचाराम में 11 से 14 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सीबीएसई से संबद्ध विभिन्न स्कूलों के निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। जोनल स्तर के मुकाबलों के बाद आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीनों खिलाड़ियों ने सटीक निशाने, एकाग्रता और दबाव में संयम का बेहतरीन परिचय दिया। उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तीनों खिलाड़ी हिसार स्थित नारायणा टेक्नो स्कूल के विद्यार्थी हैं।



हिसार। मॉडलों का अवलोकन करते निर्णायक मंडल के सदस्य व प्राचार्य दलजीत सिंह पंघाल, अपने मॉडलों के साथ स्कूली छात्र। फोटो: हरिभूमि

यशिका एवं तानिया के मॉडल ने पाया प्रथम स्थान

हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तलवंडी राणा में प्राचार्य दलजीत सिंह पंघाल की अध्यक्षता में विद्यालय स्तर पर राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक गणित-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन गणित प्राध्यापक सुभाष चन्द्र आर्य, जीव विज्ञान प्राध्यापिका रिंकू कुमारी, कविता, रसायन विज्ञान प्राध्यापिका अंजना शर्मा एवं ज्योति कपूर द्वारा करवाया गया। बेहतर जीवन के लिये एआई विषय में यशिका एवं तानिया के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण विषय में निशा एवं नेहा के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणितीय मॉडलिंग और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग में कोमल एवं बसकर के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वास्थ्य, स्वच्छता और सफाई विषय में अंजलि एवं तानिया के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रामीण परिवर्तन के लिए विज्ञान विषय में अनूप एवं अरमान के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आपदा प्रबंधन में सुमित एवं चरण सिंह के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सोने-चांदी के आभूषण चोरी वाला काबू

हिसार। पुलिस ने घर का ताला तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले में आरोपी प्रेम कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी बालसमंद के सहायक उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसके दौरान चोरीशुदा चांदी की दो जोड़ी पाजेब बरामद की गई। मामले के अनुसार, गांव किरतान निवासी सत्यवान ने पुलिस को शिकायत दी थी कि एक सितंबर को वह अपनी पत्नी के साथ खेत में कपास चुगाई के लिए गया हुआ था। दोपहर करीब 2:15 बजे घर लौटने पर उसे मकान का ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर संदूक से 55 हजार रुपये नकद, चांदी की तीन जोड़ी पाजेब, करीब दो तोले की सोने की कंठी, आधा तोले की सोने की अंगूठी और करीब आधा तोले का सोने का ताबीज चोरी मिला।

प्रतियोगिता में शरीना बनी बेस्ट एथलीट

- राजकीय महिला महाविद्यालय की 22वीं खेलकूद प्रतियोगिता का समापन
- विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा व विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

रिले रेस में शरीना, ललित, कुसुम और रवीना की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि टीना, निशा, मौनी और कल्पना की टीम दूसरे तथा किरण, रजनी, प्रमिला और प्रवेश की टीम तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में शरीना ने पहला, रजनी ने दूसरा और कल्पना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में ज्योति प्रथम, कुसुम द्वितीय और किरण तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में कुसुम ने पहला, ज्योति ने दूसरा और कल्पना ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में ज्योति प्रथम, कुसुम द्वितीय और टीना तृतीय स्थान पर रही। विभिन्न स्पर्धाओं में छात्राओं ने खेल प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय दिया।

राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय 22वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शरीना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट एथलीट का खिताब हासिल किया। समापन समारोह में पर्वतारोही एवं खेल विशेषज्ञ गांव डाटा निवासी मीनू देवी, द सिनर्जी आईएएस अकादमी की निदेशक मोनू चहल तथा अंतरराष्ट्रीय कराटे रेफरी एवं जज और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी विजेता मुंदलिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। रतिया से पहुंचे सेवानिवृत्त हिंदी शिक्षक अशोक जागरण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सतीश सिंगला ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. शशिकला यादव, डॉ. सत्येंद्र यादव, डॉ. हर्षा, अमित बंसल, विपिन बब्बर, आयोजक सचिव मोहिंद्र सिंह आदि रहे।

राजकीय कॉलेज हांसी में एलुमनी मीट कल

हांसी। संधि सेतु एलुमनी एसोसिएशन, राजकीय महाविद्यालय हांसी की ओर से 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे महाविद्यालय परिसर में एलुमनी मीट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हांसी के विधायक एवं महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी विनोद भयाना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एसोसिएशन के संरक्षक दलवीर सिंह के मार्गदर्शन में होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए परमजीत सिंह सहित पदाधिकारी, सदस्य, पूर्व विद्यार्थी, शिक्षाविद् और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। एसोसिएशन का उद्देश्य महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को साझा मंच पर जोड़ना, संस्थान की शैक्षणिक एवं संस्थागत उन्नति में सहयोग देना और वर्तमान विद्यार्थियों को शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास तथा करियर मार्गदर्शन के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है।

महाराजा अग्रसेन के नाम पर पीजीआई स्थापित किया जाए

- महाराजा अग्रसेन जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। फोटो: हरिभूमि

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने सरकार से हिसार में महान पुरुष महाराजा अग्रसेन के नाम पर पीजीआई (स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान) स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने केंद्र सरकार से महाराजा अग्रसेन की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने और उनके जीवन, आदर्शों व सामाजिक योगदान को स्कूली पाठ्यक्रम में विशेष स्थान देने की भी मांग की। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में बजरंग गर्ग ने कहा कि 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में आयोजित होने वाला 43वां विशाल वार्षिक मेला ऐतिहासिक होगा। मेले में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता, हरियाणा के मंत्री विपुल गोयल, पंजाब के मंत्री विरेंद्र गोयल, हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा और जगतगुरु महामंडलेश्वर कुमार स्वामी सहित अनेक प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक हस्तियां भाग लेंगी। मेले को लेकर वैश्य समाज के प्रतिनिधियों में भारी उत्साह है और देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।इस अवसर पर अनाज मंडी जिला प्रधान पवन गर्ग, अग्रोहा धाम जिला प्रधान एनके गोयल, राष्ट्रीय संयोजक ऋषि राज गर्ग, संरक्षक दीपक गर्ग, मंडी उपप्रधान बजरंग असरावां, मंडी के पूर्व प्रधान संजय गोयल आदि रहे।

नशे के खिलाफ हांसी पुलिस का सर्च अभियान

- पांच बाइक और एक पिकअप को लिया कब्जे में

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। नशीले पदार्थों की तस्करी की जांच करते पुलिस अधिकारी।

न्यू ऑटो मार्केट समेत कई क्षेत्रों में दबिश

अभियान के तहत थाना शहर हांसी और सीआईए-1 की टीम ने न्यू ऑटो मार्केट में संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच की। पुलिस टीमों ने खाली प्लॉटों, बंद मकानों और अन्य संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। वहीं, पुलिस चौकी सिसाय पुल, पुलिस चौकी किला बाजार, एवीटी स्टाफ और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने भी अलग-अलग क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया।

नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए हांसी पुलिस ने शहर के कई इलाकों में सर्च अभियान चलाया। एसपी विनोद कुमार, आईपीएस के निर्देश पर सीआईए-1, सीआईए-2 सहित विभिन्न पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और स्थानों की जांच की। इस दौरान जगदीश कॉलोनी में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर पांच मोटरसाइकिल और एक पिकअप गाड़ी कब्जे में ली गई। पुलिस चौकी अनाज मंडी और सीआईए-2 की संयुक्त टीम ने जगदीश कॉलोनी में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की गई। जांच के दौरान पांच मोटरसाइकिल और एक पिकअप गाड़ी के आवश्यक कागजात मौके पर नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की।

जीजेयू के सामने बस स्टॉप बनाने की मांग

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने निर्धारित बस स्टॉप बनाने तथा सड़क दुर्घटना में दिवंगत छात्रा विजेता के परिवार को उचित मुआवजा और दुर्घटना क्लेम दिलवाने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने रोडवेज महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर गुजवि इकाई के अध्यक्ष परमीत भ्याण ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रतिदिन हजारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। मुख्य द्वार के सामने निर्धारित बस स्टॉप नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को बसों में चढ़ने-उतरने और सुरक्षित रूप से बस का इंतजार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में सड़क दुर्घटना में दिवंगत छात्रा विजेता के परिवार को नियमानुसार उचित आर्थिक मुआवजा दिलवाने तथा दुर्घटना क्लेम की प्रक्रिया में आवश्यक विभागीय सहायता उपलब्ध करवाने की मांग भी उठाई गई। इस मौके पर संगठन के प्रदेश सचिव भागी राणा, गुजवि चेयरमैन दीपक शास्त्री, सचिव पंकज धारीवाल, संयुक्त सचिव आदित्य गोस्वामी तथा डीएन कॉलेज के अध्यक्ष सुमंत पंघाल भी मौजूद रहे।



हिसार। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन और महाविद्यालय के प्राध्यापकगण। फोटो: हरिभूमि

राजकीय कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राजकीय महाविद्यालय नलवा में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग एवं एनटीएफ समिति के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनटीएफ समिति की संयोजक डॉ. सुनीता के मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेश दुहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता स्वस्थ जीवनशैली के लिए जरूरी हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. विनोद गिल और डॉ. वंदना ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

न्यूज डायरी



सिविल डिफेंस पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित

हिसार। राजकीय महाविद्यालय, मंगाली की एनएसएस इकाई द्वारा सिविल डिफेंस वॉरियर पोर्टल/एप एवं आपदा प्रबंधन विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. अंजू चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. विजेता नेहरा तथा समिति सदस्य ज्योति बेनीवाल, ज्योति एवं कुमारी साक्षी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन और सिविल डिफेंस की गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा पोर्टल व ऐप पर स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई गई। व्याख्यान में एनएसएस स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



गीतांजलि, बेबी गौतम व साहिल की टीम ने मारी बाजी

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय बरवाला के वाणिज्य विभाग एवं संस्थान नवाचार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 'ब्रांड ब्रेनज़' क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रवक्ता आशीष कुमार एवं पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 08 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न ब्रांडों के लोगो की पहचान करने, टैगलाइन पूरी करने, टैगलाइन से ब्रांड पहचानने तथा ब्रांडों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने जैसी रोचक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान गीताजंली, बेबी गौतम, साहिल और द्वितीय स्थान सीमा, प्रीति, नवीता तथा तृतीय स्थान सोनिया,पूजा, प्रिया की टीम ने प्राप्त किया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नीलम गिल ने इस प्रकार की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की सराहना की।

देशी कट्टा-दो जिंदा कारतूस सहित, एक काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

नारनौंद थाना क्षेत्र से एक युवक को अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राखी खास निवासी अमित उर्फ बिन्दा के रूप में हुई है। पुलिस ने हथियार और कारतूस कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए-वन हांसी की टीम बुडाना मोड़, नारनौंद के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक सम्मत सिंह को सूचना मिली कि अमित उर्फ बिन्दा अवैध हथियार लेकर बुडाना स्टेडियम में बैठा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां बैठे युवक को काबू कर नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने बरामद हथियार और कारतूस को नियमानुसार कब्जे में लेकर सील कर दिया।



उकलाना। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को नमन करते स्कूल प्रबंधक डॉ. केसी शर्मा।

आरडीएम स्कूल में डॉ. कलाम को किया नमन

उकलाना। आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर उनके महान व्यक्तित्व, वैज्ञानिक उपलब्धियों, सादगी और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया गया। स्कूल प्रबंधक डॉ. के.सी. शर्मा ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन संदेश देता है कि बड़े सपने देखने के साथ उन्हें साकार करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प जरूरी है। विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस. कटारिया ने कहा कि डॉ. कलाम सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे।

एआई फॉर बेटर लाइफ प्रोजेक्ट में सोनाक्षी को प्रथम स्थान मिला

- ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शनी में सहभागिता करते विद्यार्थी व शिक्षकगण।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाकर खूब वाहवाही लूटी। हिसार-द्वितीय खंड शिक्षा अधिकारी के तत्वावधान में सीएवी हाई स्कूल में आयोजित की गई इस प्रदर्शनी में एचबीएसई बोर्ड से संबद्ध सरकारी व प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस प्रदर्शनी के विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रदर्शन के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ राकेश चराया ने की। विशिष्ट अतिथि डीएसएस नरेंद्र भाटिया व डीएमएस संदीप सिंधु रहे। इस अवसर पर प्राचार्य जगदीश चंद्र व कुलदीप विशेष रूप से मौजूद रहे। संपूर्ण आयोजन की नोडल अधिकारी बीआरपी विज्ञान ज्योति ठाकुर रही। ज्योति ठाकुर ने प्रदर्शनी की व्यवस्था व कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाई। एआई फॉर बेटर लाइफ प्रोजेक्ट में सोनाक्षी ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय व साहिल ने तृतीय स्थान हासिल किया, ग्रीन एनर्जी एंड एनवायरमेंट प्रोजेक्ट में संतोष ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय व हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, मैथमेटिक्स मॉडलिंग में गुरबख्श ने पहला, युवराज ने दूसरा व जन्नत ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पूर्व मंत्री गुप्ता ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हिसार। पूर्व स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर कई शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों ने बिजली, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, अशोक मित्तल, धर्मवीर पानू, प्रोमिला पूनिया, बलबीर भुंबक, संजय कपूर और सुभाष जांगड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005